कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2025/623 भिलाई, दिनांक 22/5/25

//आदेश//

कार्यालयीन आदेश क्रं./एफ–/1/सा.प्र.वि./विविध/2024/655 भिलाई दिनांक 09.09.2024 के द्वारा श्री धर्मरक्षक पाठक, चौकीदार जोन क्रमांक 05 को निगम कर्मचारी श्री अंजनी कुमार सिंह, स्वच्छता निरीक्षक जोन क्रमांक 2 के नाम का दुरूपयोग कर अवैध वसूली कार्य करने एवं स्मृति नगर निवासी श्री सिद्धार्थ चक्रवर्ती से 1000/– रिश्वत की मांग किये जाने संबंधी शिकायत के आधार पर निलंबित किया गया तथा कार्यालयीन आदेश क्रमांक 959 दिनांक 23.10.2024 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित किया गया।

अतः विभागीय जांच में जांच अधिकारी के प्रतिवेदन अनुसार अपचारी सेवक के विरूद्ध अधिरोपित आरोप प्रमाणित होने पर दीर्घ शास्ति अधिरोपित करते हुए **श्री धर्मरक्षक पाठक, चौकीदार का आगामी दो वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोका जाता है** तथा निलंबन अवधि के वेतन एवं वार्षिक वेतनवृद्धि को छोड़कर अन्य समस्त प्रयोजन हेतु निलंबन अवधि को सेवा अवधि/कर्त्तव्य अवधि मान्य करते हुए निलंबन से बहाल कर जोन क्रमांक 03 मदरटेरेसा नगर में पदस्थ किया जाता है एवं संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2025/624 भिलाई, दिनांक 22/5/25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 2,3,4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. कार्यालय अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
10. **श्री धर्मरक्षक पाठक, चौकीदार** नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with CamScanner